आईआईएम-सीयूजे की टीम बिजली आपूर्ति की जांच करेगी

रांची | हिन्दुस्तान ब्यूरो

निर्णय

- झारखंड विद्युत नियामक आयोग की सलाहकार समिति की बैठक में निर्णय
- बैठक में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा हुई

राज्य में कितने घंटे बिजली आपूर्ति हो रही, इसकी जांच आईआईएम, रांची और सेंट्रल यूनिवर्सिटी की टीम करेगी। इसके लिए विद्युत नियामक आयोग की तरफ से राशि भी अपलब्ध कराई जाएगी। यह निर्णय झारखंड विद्युत नियामक आयोग की सलाहकार समिति की बुधवार को कांके रोड स्थित कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया।

आयोग के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि बैठक में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा हुई। जेबीवीएनएल 20 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति का दावा करती है। इसे दिखाने के लिए फीडर से पूरे महीने कितने घंटे बिजली सप्लाई हुई है, कितने घंटे कटी, इसका रिकॉर्ड लिया गया है। जेबीवीएनएल को यह रिकॉर्ड एक सप्ताह में इंटरनेट पर डालने का निर्देश दिया है, जिससे आम उपभोक्ता इसे देख पाएं। प्रसाद ने बताया कि अगर 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी, तो फिक्स चार्ज पर इंटेंसिव देने और और अगर कम बिजली आपूर्ति होगी, तो फिक्स चार्ज से कटौती करने पर भी विचार किया गया।

Hindustan, 27.02.2020, Pg. 02